पंजाब केसरी 09/01/2024

डा. कुलदीप यादव को 'ग्रीन टैक्नोलॉजी इनोवेटिव अवार्ड–2023' से सम्मानित होने पर प्रोत्साहित करते गांधी मैमोरियल कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त। (देवदत्त)

जी.एम.एन. कालेज में वनस्पति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डा. कुलदीप यादव 'ग्रीन टैक्नोलॉजी इनोवेटिव अवार्ड' से सम्मानित

अम्बाला, 8 जनवरी (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल (जी.एम.एन.) कालेज में वनस्पति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डा. कुलदीप यादव को लखनऊ स्थित सी.एस.आई.आर. नैशनल बॉटनिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट में आयोजित 3 दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान राष्ट्रीय पर्यावरण विज्ञान अकादमी, नई दिल्ली द्वारा 'ग्रीन टैक्नोलॉजी इनोवेटिव अवार्ड–2023' से सम्मानित किया गया।

सोमवार को गांधी मैमोरियल कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह पुरस्कार डा. कुलदीप यादव के साथ–साथ कालेज के लिए भी गर्व का विषय है। कालेज प्रबंधन समिति के प्रधान डा. गुरदेव सिंह ने भी उनकी सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में सभी शिक्षकों को ऐसे प्रयास करते रहने चाहिएं, जिससे कालेज प्रगति के पथ पर निरन्तर अग्रसर हो।

कालेज प्रवक्ता ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से एम.एस.सी., एम.फिल. और पी.एच.डी. की उपाधियां हासिल करने के बाद डा. कुलदीप यादव ने प्लांट बायोटैक्नोलॉजी, मॉलिक्यूलर बायोलॉजी और माइकोलॉजी के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर योगदान दिया है।

उन्होंने आंतरिक ख्याति की पत्रिकाओं में 65 से अधिक शोधपत्र प्रकाशित किए हैं और 8 पुस्तक अध्याय भी लिखे हैं। उन्होंने 3 पुस्तकों का संपादन भी किया है।

हाल ही में उन्होंने अन्य संस्थानों के वैज्ञानिक के साथ मिलकर मूल्यवान औषधीय पौधों से यौगिकों के निष्कर्षण और पृथक्करण पर 2 भारतीय पैटेंट भी प्रकाशित किए हैं।

उन्होंने 20 से अधिक विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सैमीनारों में भी पत्र प्रस्तुत प्रस्तुत किए हैं। वह कई वैज्ञानिक संगठनों के आजीवन सदस्य हैं।